## इधर उधर की

### पायलट मां–बेटी ने उड़ाया एक ही विमान



**वाशिंगटन,एजेंसी :** इसे संयोग कहें या कुछ और कि लॉस एंजेलिस से अटलांटा के लिए उड़ान भरने वाली डेल्टा फ्लाइट को पायलट मां–बेटी ने उड़ाया। ये बात जानकर विमान में मौजूद यात्री भी हैरान रह गए। ये बोइंग का 757 विमान था। इस फ्लाइट में सफर कर रहे वेट्रट नामक यात्री को कॉकपिट में दोनों की बातें सुनने के बाद पता चला कि वो मां–बेटी हैं। वेट्रट के अनुसार इस बात को जानने के बाद उन्होंने मां–बेटी से मिलने की इच्छा जताई। इसके बाद उन्हें ये मौका भी दिया गया। फिर वेट्रट ने पायलट की सीट पर बैठी मां और बेटी की तस्वीर खींची। इस खास मौके की तस्वीर को डेल्टा फ्लाइट ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया। इस फ्लाइट में मां बतौर कैप्टन पद संभाल रही हैं, जिनका नाम वेंडी रेक्सन है। वहीं उनकी बेटी केली रेक्सन प्रथम ऑफिसर के पद पर हैं।

## एक नजर

### अमरोहा से राशिद अल्वी की जगह सचिन चौधरी कांग्रेस प्रत्याशी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व प्रवक्ता राशिद अल्वी द्वारा उत्तर प्रदेश की अमरोहा सीट से चुनाव लड़ने से इन्कार किए जाने के बाद सोमवार को सचिन चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस की आठवीं सूची में शनिवार की रात को ही अमरोहा से प्रत्याशी के रूप में अल्वी के नाम की घोषणा की गई थी। अल्वी इस सीट से वर्ष 1999–2004 तक लोकसभा सदस्य, जबकि आंध्र प्रदेश से दो बार राज्यसभा सदस्य रहे। सूत्रों ने बताया कि अल्वी ने अमरोहा सीट से चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया था। इस सीट से जनता दल सेक्युलर के पूर्व प्रवक्ता दानिश अली बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

### मुनस्यारी घूमने आए कोलकाता के पर्यटक की मौत

**पिथौरागढ़ :** कोलकाता से मुनस्यारी घूमने आए एक बुजुर्ग पर्यटक की मौत हो गई है। मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। कोलकाता की रक्षित स्पेशियल कंपनी 26 लोगों के दल को लेकर मुनस्यारी आई थी। यह दल रविवार की शाम मुनस्यारी पहुंचा था। दल में शामिल निखिल सान्याल (67) निवासी खिदिरपुर कोलकाता की सोमवार तड़के अचानक तबीयत खराब होने लगी। साथ में आई उनकी पत्नी और पुत्र उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए। लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। डॉक्टर के अनुसार मौत का कारण हार्ट अटैक है। (जासं)



**चुनावी हलचल**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को महाराष्ट्र के नागपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इसके बाद बाहर जुलूस में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते गडकरी। सीएम देवेंद्र फडणवीस भी इस मौके पर रहे • एएनआइ

# रोस्टर आधारित आरक्षण अध्यादेश को चुनौती

## सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार, याचिकाकर्ताओं को हाई कोर्ट जाने के लिए कहा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए रोस्टर आधारित आरक्षण प्रणाली बहाल करने संबंधी केंद्र के अध्यादेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

जस्टिस एसए बोबडे और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से सात मार्च को जारी 'सेंट्रल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (रिजर्वेशन इन टीचर्स कैडर) ऑर्डिनेंस, 2019' को चुनौती दी गई थी। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील को अपनी शिकायत लेकर हाई कोर्ट जाने के लिए कहा। पीठ ने सवाल किया, 'आप हाई कोर्ट क्यों नहीं जा सकते?' जब एक वकील ने कहा कि इस मामले का असर पूरे देश पर होगा, तो पीठ ने कहा, 'संसद में पारित देशभर में लागू कानून पर हाई कोर्ट भी सुनवाई कर सकते हैं। हम न्यायाधिकार के मसले की बात कर रहे हैं। आप पहले यहां क्यों आए हैं?' इस पर याचिकाकर्ताओं की ओर से



पेश अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण ने जवाब दिया कि अध्यादेश के जरिये शीर्ष अदालत के आदेश को बेअसर किया गया है। फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें अदालत के पूर्व आदेश पर पुनर्विचार की मांग की गई थी। पूर्व आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को आरक्षण के मसले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया था। केंद्र की याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि शिक्षकों की नियुक्ति में एससी/एसटी या ओबीसी आरक्षण प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय या कॉलेज को नहीं, बल्कि विभाग को इकाई माना जाएगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी यही आदेश सुनाया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान जब एक वकील ने कहा कि मामले में संवैधानिक मुद्दा शामिल है, इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि यहां हर तीसरे मामले में संवैधानिक मुद्दा शामिल होता है।

### 'तीन तलाक' अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली अपील खारिज

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार में तीन तलाक (तलाक ए बिद्दत) के चलन को दंडनीय अपराध बनाने वाले अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केरल के एक संगठन की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह हस्तक्षेप नहीं करना चाहेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के कुछ घंटों बाद, पिछले साल 19 सितंबर को 'मुस्लिम महिला (विवाह के अधिकारों की सुरक्षा) अध्यादेश' पहली बार अधिसूचित किया गया था। एक बार में तीन तलाक कह कर विवाह विच्छेद करने की यह प्रक्रिया तलाक ए बिद्दत कहलाती है। मुस्लिम पुरुष एक साथ तीन तलाक कहकर पत्नी को तलाक दे सकता है। अध्यादेश में इसी प्रक्रिया को दंडनीय अपराध बनाया गया है। एक साल से भी कम समय में इस अध्यादेश को 21 फरवरी को तीसरी बार जारी किया गया।

### गुजरात के मंत्री ने राहुल को लेकर दिया विवादित बयान

**राज्य ब्यूरो, अहमदाबाद :** गुजरात सरकार के वन तथा पर्यटन मंत्री गणपतसिंह वसावा ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को जहर दे दो। अगर वह चुनाव तक का वक्त निकाल दें, तो उन्हें शिव अवतार मान लेंगे।' उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर राहुल के समर्थक उन्हें शिव अवतार के रूप में पेश कर रहे हैं।


**महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (MCL)**

(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला - सम्बलपुर, ओड़िशा
फोन-(EPABX): 0663-2542461 to 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

**ई-निविदा सूचना**

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (**https://coalindiatenders.nic.in**) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (**https://eprocure.gov.in**) पर भी देखा जा सकता है। परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

| क्र. सं. | निविदा आईडी | कार्य/सेवा का नाम | निविदा मूल्य ₹ |
|---|---|---|---|
| 1 | 2019_MCL_134525_1 | Annual cleaning and up-keeping of Transit House (including OB/7, OB/22 and D/6 and Dormitory) at Budhijam of Orient Area | 212610.00 |
| 2 | 2019_MCL_134491_1 | PROCUREMENT OF ROTATING ASSLY (200/250) FOR EST PUMP | 1390000.00 |
| 3 | 2019_MCL_134505_1 | PROCUREMENT OF SPARES FOR CONVEYOR CHAIN | 1725382.00 |
| 4 | 2019_MCL_134592_1 | Extension of Coal Transportation Road near Tribeni Junction to Contractual Patch at Ananta OC Project. Re-tender | 9475722.00 |
| 5 | 2019_MCL_134595_1 | Extension of Coal Transportation Road near Jiban Khole Junction to 16th No Stock of Bhubaneswari at Ananta OC Project. Re-tender | 7196759.00 |
| 6 | 2019_MCL_134598_1 | Temporary Coal Transportation Road from proposed Field Rest Shelter, Canteen Chhack to Departmental Coal Face at Ananta OCP. (Re-tender) | 5397553.00 |
| 7 | 2019_MCL_134604_1 | Extension of Coal Transportation Road from Underpass to Jagannath Barrier parallel to Coal Corridor Road at Ananta OCP. (Re-tender) | 7796486.00 |
| 8 | 2019_MCL_134609_1 | Supplying and laying of metal and moorum for repair and maintenance of roads inside and around the Mines during Monsoon for the year 2019 at Ananta OCP. (Re-tender) | 7481381.00 |
| 9 | 2019_MCL_134617_1 | Repairing and heightening of CT road near existing instant shower system and first water loading point at Jagannath Colliery, Jagannath Area. (Re-tender) | 9769332.00 |
| 10 | 2019_MCL_134641_1 | Supply of Drinking Water through tankers to Village Jarada Telisingha Chhelia Kansamunda Jaipur Aditya Prasad Gundrunali Gulendo Mallpasi under CSR for a period of 120 Days Summer Season at Kaniha OCP of Kaniha Area Re Tender | 2402716.00 |
| 11 | 2019_MCL_134654_1 | PROCUREMENT OF CONTROL CABLE AND POWER CABLE FOR EOT CRANE OF CWS_X TALCHER. | 411300.00 |
| 12 | 2019_MCL_134589_1 | Pre NIT for Pilot Project for Applicability of Drone (RPA) Based Applications in MCL | 12608300.00 |
| 13 | 2019_MCL_134663_1 | PROCUREMENT OF SPARES FOR TATA 1200 HYD. EXCV. | 3012922.00 |
| 14 | 2019_MCL_134688_1 | Day to day maintenance of residential building and non residential building at Deulbera colony under Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 9801199.00 |
| 15 | 2019_MCL_134705_1 | Supply of spares for TATA Hitachi ZXC-450 Hyd excavator at Lingaraj OCP (Exclusively for OEM) | 400931.00 |
| 16 | 2019_MCL_134713_1 | PROCUREMENT OF TONER CATRIDGE AND IMAGING UNIT FOR HL-L2351DW PRINTER | 2639070.00 |
| 17 | 2019_MCL_134732_1 | PROCUREMENT OF SPARES FOR IDM-30 DRILL | 55534.00 |
| 18 | 2019_MCL_134755_1 | Supply of spares for IR Feeder Breaker at Lingaraj CHP (Exclusively for OEM) | 1448803.00 |
| 19 | 2019_MCL_134401_1 | Repair of road from siding no VII and VIII exit level crossing to Nakeipasi village road junction at Bharatpur Project. | 2090466.00 |
| 20 | 2019_MCL_134653_1 | Construction of Temporary CT road from CT road Junction to Dasarathipur Pidha of Bharatpur OCP. | 9713166.00 |
| 21 | 2019_MCL_134708_1 | Diversion of coal transportation road from Hingula College to Bangaru Nallah near Solada patch at Balram OCP under Hingula Area. | 9860872.00 |
| 22 | 2019_MCL_134735_1 | Day to day maintenance of Golf Course at Basundhara Area for One year | 2638723.00 |
| 23 | 2019_MCL_134741_1 | Maintenance of quarter in case of change of occupancy for A type 20 no., B type 18 no., C type 20 no., and D type 8 no. at Basundhara colony of Basundhara Area | 1294076.00 |
| 24 | 2019_MCL_134655_1 | Ground water reservoir and pump room for cleaning of solar panels of Solar Power Plant, Anand Vihar, MCL HQ. | 849645.00 |
| 25 | 2019_MCL_134659_1 | Tarfelting over the roof of RAJANIGANDHA and Repairing of false ceiling of RAJANIGANDHA Club at Jagriti Vihar, MCL HQ., Sambalpur. | 478423.00 |
| 26 | 2019_MCL_134778_1 | Conservancy works for non-residential building under Basundhara (W) OCP for two years | 9472890.00 |
| 27 | 2019_MCL_134769_1 | Supply of Hoses for LnT CK-300 Hyd excavators at Lingaraj OCP | 422710.00 |
| 28 | 2019_MCL_134767_1 | Removal of spillage coal, mud and muck around CHP No 1,3,4,5,6,and 7 and tail end cleaning by stacking and then feeding the same to the belt manually, in all three shifts as per the directions of the engineer-in- Charge for smooth operation and saf | 1967552.00 |
| 29 | 2019_MCL_134774_1 | Cleaning and upkeep of static road weighbridges installed at Lingaraj OCP for a period of One year. | 612541.00 |
| 30 | 2019_MCL_134791_1 | PROCUREMENT OF HADFIELD MANGANESE STEEL PLATE FOR CWS_TALCHER. | 5664000.00 |
| 31 | 2019_MCL_134806_1 | PROCUREMENT OF LATEST ELECTRONIC TOTAL STATION SURVEY INSTRUMENTS | 2259700.00 |
| 32 | 2019_MCL_134805_1 | Hiring of One (1) Jeep (Scorpio/ Xylo or its equivalent) fitted with AC for pool duty for 12 hrs per day duty for two years at Basundhara Area (682 days)(2800km run per month). | 685410.00 |
| 33 | 2019_MCL_134762_1 | Spraying of water by mobile water tanker on coal transportation road from Bajaragbali chowk to Y curve siding at Lakhanpur OCP under Lakhanpur Area.(For 730 days) | 3520657.00 |
| 34 | 2019_MCL_134779_1 | Hiring of 01 no. Air Conditioned 7 seater (6 plus 1) Scorpio or equivalent, max 2500 Km run per month, 24 hrs duty for two year (341 days per year) for GM office, IB Valley Area. | 1902520.00 |
| 35 | 2019_MCL_134819_1 | Procurement of Audio Visual Alarm for Belt Conveyor system with prestart warning system for Nandira Colliery MCL Talcher Area. | 529230.00 |
| 36 | 2019_MCL_134823_1 | PROCUREMENT OF SPARES FOR TATA-1200 | 764942.00 |
| 37 | 2019_MCL_134830_1 | PROCUREMENT OF TYRE TUBE AND FLAP FOR ESCORT CRANE | 227160.00 |
| 38 | 2019_MCL_134760_1 | Repairing of damaged drain, sewer line network and uplifting of back side of -C- and -D- type quarters of Jagruti Vihar Township at MCL HQ (2nd Call) | 5437596.00 |
| 39 | 2019_MCL_134836_1 | Fabrication, assembling and fitting of Top rollers for 1200 mm belt conveyor for the use of C-4, C-5, C-6 and C-7 conveyors at RLS, Bharatpur OCP. | 1500560.00 |

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन: **0663-2542695/2542264**, ई-मेल: **hlp-eproc.mcl@coalindia.in**) **R-4896**

**हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 200 3004 पर मिस्ड कॉल दें**


# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिले कमल हसन, तृणमूल के लिए करेंगे प्रचार

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता :** अभिनेता से नेता बने कमल हसन ने सोमवार को कोलकाता पहुंच कर नवान्न में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। ममता के साथ उनकी लगभग एक घंटे तक बैठक हुई। बाद में कमल हसन ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी बैठक संतोषजनक हुई। वह भी दक्षिण में एक क्षेत्रीय दल के नेता हैं। उनकी छोटी क्षेत्रीय पार्टी है। केंद्र शासित अंडमान निकोबार में वह तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ेंगे। ममता बड़ी नेता हैं। उन्हें ममता का आशीर्वाद की जरूरत है। कमल हसन ने कहा कि वह अंडमान में 6 अप्रैल को एक चुनावी सभा करेंगे जिसमें उन्होंने ममता बनर्जी को आमंत्रित किया है। वह खुद अंडमान में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के लिए प्रचार करेंगे। कमल हसन ने बताया की उनकी मुलाकात अच्छी रही। मुझे गर्व महसूस हो रहा है कि अंडमान में तृणमूल के साथ हमारा गठबंधन है उम्मीद है कि भविष्य में ये रिश्ता और गहराएगा, मैं उम्मीदवार के प्रचार के लिए ही वह गया था। आपको बता दे की कमल हसन मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के प्रमुख है और वह एक प्रसिद्ध तमिल अभिनेता भी हैं। उनकी



अभिनेता से राजनेता बने मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) के अध्यक्ष कमल हासन ने सोमवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। इस मौके पर राज्य के वित्त मंत्री अमित मित्रा भी मौजूद रहे • प्रेट्र

**मिशन 2019**

- अंडमान निकोबार में संयुक्त सभा करने का प्रस्ताव
- तृणमूल कांग्रेस के साथ मिलकर एमएनएन लड़ेगी चुनाव

पार्टी एमएनएम ने अब तक तमिलनाडु में डेढ़ दर्जन सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। उम्मीदवारों में आइपीएस, आइएस और डाक्टर समेत अन्य विशिष्ट व्यक्ति शामिल हैं।
कमल हसन ने पहले ही कहा है कि फिलहाल लोकसभा या विधानसभा का चुनाव में वह उम्मीदवार नहीं बनेंगे। लेकिन अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने के लिए वह प्रचार अभियान से लेकर हर संभव प्रयास करेंगे। तमिलनाडु के अतिरिक्त अंडमान निकोबार और पंडीचेरी में भी कमल हसन की पार्टी के उम्मीदवार प्रतिद्वंद्विता रह रहे हैं।

### दिल्ली पर अधिकार की लड़ाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप सरकार

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** दिल्ली पर अधिकार की लड़ाई को लेकर दिल्ली की आप सरकार सोमवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के मुद्दे पर शीघ्र फैसला लेने के लिए आप सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से एक वृहद पीठ गठित करने का अनुरोध किया है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस दीपक गुप्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया गया तो पीठ ने आप सरकार के वकील से कहा कि इस पर गौर किया जाएगा। शीर्ष अदालत की दो न्यायाधीशों की पीठ ने 14 फरवरी को प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के सवाल पर अपने खंडित फैसले में यह मसला वृहद पीठ को सौंपने का अनुरोध प्रधान न्यायाधीश से किया था। अदालत की दो सदस्यीय पीठ ने केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच लंबे समय से विवादों का केंद्र रहे छह मुद्दों पर विचार किया था। पीठ ने प्रशासनिक सेवाओं के अलावा शेष सभी पांच विषयों पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाते हुए कहा था कि दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा केंद्र सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच नहीं कर सकती। न्यायालय ने प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण का मुद्दा वृहद पीठ को संदर्भित करते हुए कहा था कि जांच आयोग नियुक्त करने का अधिकार केंद्र के ही पास रहेगा क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में कोई 'राज्य सरकार' नहीं है और इस संबंध में राज्य सरकार का तात्पर्य केंद्र सरकार ही है।

### नेकां उम्मीदवार लोन के खिलाफ भाजपा ने आयोग को लिखा पत्र

**राज्य ब्यूरो, श्रीनगर :** अपने बड़बोलेपन और पाकिस्तान प्रेम के कारण अक्सर सुर्खियों में रहने वाले राज्य विधानसभा के पूर्व स्पीकर और उत्तरी कश्मीर की बारामुला-कुपवाड़ा लोकसभा सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर लोन को चुनाव के लिए आयोग्य करार देने का आग्रह किया है।

भाजपा के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि बारामुला संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे नेकां उम्मीदवार मोहम्मद अकबर लोन अपने भाषणों के जरिए देश का अपमान कर रहे हैं। वह भाषणों में खुलेआम देश विरोधी नारे लगा रहे हैं। इससे न सिर्फ जम्मू कश्मीर के लोगों की बल्कि पूरे देशवासियों की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने लिखा कि सोशल मीडिया पर मोहम्मद अकबर लोन द्वारा की जाने वाली नारेबाजी पर कई वीडियो वायरल हैं। उनका संज्ञान लिया जाना चाहिए।

इस बीच, सोमवार को बारामुला-कुपवाड़ा सीट से भाजपा के उम्मीदवार एमएम वार ने बारामुला में जिला चुनाव अधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र जमा कराने के बाद पत्रकारों से कहा कि नेकां उम्मीदवार के खिलाफ पुलिस को एफआइआर दर्ज करनी चाहिए। वह लोगों में सांप्रदायिक और अलगाववादी भावनाओं को भड़काकर अपने लिए चुनावी फायदा तलाश रहे हैं।

**लोन ने कहा था, कोई पाक को गाली देगा तो मैं उसे गोली दूंगा :** उत्तरी कश्मीर में गत दिनों अपनी एक चुनावी रैली के दौरान मोहम्मद अकबर लोन ने कहा था कि एलओसी के पार एक मुस्लिम मुल्क है और वह हमेशा खुशहाल रहना चाहिए। हमारी उनसे दोस्ती मजबूत होनी चहिए। अगर कोई पाकिस्तान को गाली देगा तो मैं उसे दस गुणा ज्यादा गालियां दूंगा।

### आइएसआइ एजेंट जयपुर में गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, जयपुर :** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ एजेंट मो. परवेज को जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। 42 साल का परवेज दिल्ली के चांदनी महल पुलिस थाना इलाके में पत्तेवाली गली के मकान नंबर 1867 का रहने वाला है।

राजस्थान इंटेलीजेंस एजेंसी के अतिरिक्त महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि उसको सोमवार को जयपुर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। अब उससे पूछताछ की जाएगी। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि परवेज आइएसआइ के हैंडलर ऑपरेटरों से सीधे संपर्क में था। वह 17 बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुका है।

# शिवगंगा सीट से कार्ति को प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस में विवाद

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ईएम सुदर्शन नात्चिप्पन भी थे टिकट के दावेदार

**चेन्नई, प्रेट्र :** पूर्व केंद्रीय मंत्री ईएम सुदर्शन नात्चिप्पन ने शिवगंगा से कार्ति चिदंबरम को उतारने के कांग्रेस हाई कमान के फैसले विरोध किया है। शिवगंगा लोकसभा सीट के दावेदार पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि लोग इस परिवार से नफरत करते हैं।

कांग्रेस ने तमिलनाडु से आठ प्रत्याशियों की घोषणा शुक्रवार को ही कर दी, लेकिन शिवगंगा से कार्ति को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा रविवार शाम को की गई। इस सीट के दावेदारों में कार्ति के अलावा नात्चिप्पन भी थे। 1999 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी एच. राजा को पराजित किया था। इसी सीट पर उस समय तमिल मनीला कांग्रेस के प्रत्याशी पी. चिदंबरम तीसरे स्थान पर रहे थे। नात्चिप्पन ने कहा कि पार्टी आलाकमान के फैसले ने कांग्रेस को एक कठिन स्थिति में ला खड़ा किया है। इसका कारण यह है कि कार्ति अदालती मामले का सामना कर रहे हैं। 1984 से पी. चिदंबरम शिवगंगा से विजयी होते रहे हैं। नात्चिप्पन दो बार राज्यसभा के लिए चुने गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केएस अलागिरि ने कहा कि एक बार जब शीर्ष नेतृत्व ने फैसला ले लिया तो उसे केवल स्वीकार किया जाना चाहिए। नात्चिप्पन जैसे नेता का विरोध में आवाज उठाना शोभा नहीं देता।



तमिलनाडु में सोमवार को शिवगंगा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करते कार्ति चिदंबरम • एएनआइ

### मेरे खिलाफ कोई मामला नहीं : कार्ति

कार्ति चिदंबरम ने कहा कि उनके खिलाफ किसी कोर्ट में कोई मामला नहीं है। केवल कुछ झूठे आरोप हैं। सोमवार को शिवगंगा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने नात्चिप्पन के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### कार्ति ने पर्चा भरा, भाजपा की आलोचना की

कार्ति चिदंबरम ने सोमवार को शिवगंगा लोकसभा सीट से नामजदगी का पर्चा दाखिल कर दिया। उन्होंने हिंदी, हिंदू और हिंदुत्व थोपने के लिए भाजपा और केंद्र की आलोचना की। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि तमिलनाडु के हितों की उपेक्षा की गई है।

### फर्जीवाड़ा कर 14 हजार सरकारी कर्मचारियों ने माफ कराया ऋण

**जासं, जयपुर :** राजस्थान सरकार की किसान कर्जमाफी योजना का 14 हजार सरकारी कर्मचारियों ने फर्जी तरीके से फायदा उठा लिया। अब फर्जीवाड़ा करने वाले सरकारी कर्मचारी कभी भी फसली ऋण नहीं ले सकेंगे। सहकारिता विभाग इन्हें अब ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी में है।

जानकारी के अनुसार, कोऑपरेटिव बैंकों से कर्ज लेने वाले किसानों में करीब 75 हजार सरकारी कर्मचारी थे, जिसमें से 14 हजार सरकारी कर्मचारियों ने फर्जी तरीके से अपना ऋण माफ करा लिया। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने कुछ दिन पहले इस फर्जीवाड़े को पकड़ा है।

सहकारिता विभाग ने अब तय किया है कि इन सरकारी कर्मचारियों को भविष्य में किसी भी सरकारी कॉआपरेटिव बैंक से कर्ज नहीं दिया जाएगा। राज्य के डूंगरपुर, भरतपुर, चूरू, बांसवाडा जिलों में करोड़ों का फर्जीवाड़ा हुआ, जिसके बाद से लगातार सहकारिता विभाग रिकवरी की तैयारी में जुटा हुआ है। सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार नीरज के पवन का कहना है कि बॉयोमैट्रिक सिस्टम के जरिए अब किसी भी तरह के फर्जीवाड़े को रोकने का प्रयास किया जाएगा।

बॉयोमैट्रिक सिस्टम के जरिए ऋण लेने वाले किसान की मौजूदगी जरूरी होती है। उसके आधार से बॉयोमैट्रिक को मैच किया जाता है। इसके बाद ही किसानों का ऋण माफ किया गया।

**अविष्कार** सीएसए ने बीज शोधन व मृदा स्वास्थ्य के लिए निकाले फंगस के बीज

# मिट्टी की सेहत दुरुस्त करेंगे फफूंदी के बीजाणु

**जागरण विशेष**

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** मिट्टी की खराब सेहत से अब फसल बर्बाद नहीं होगी। फसल उत्पादन के दौरान उनमें कीट व रोग नहीं लगेंगे। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक प्रो. वेद रतन व उनकी अनुसंधान टीम ने ट्राइकोडर्मा (फफूंदी) के बीजाणु निकालने में सफलता प्राप्त की है।

गोबर की खाद में मिलाकर इन बीजाणुओं का सीधे खेतों में छिड़काव किया जा सकेगा। अभी तक टेलकम पाउडर, सेलुलोज व कार्बाक्सी मिथाइल मिलाकर ट्राइकोडर्मा का छिड़काव किया जाता है। एक एकड़ खेत में एक किलो मात्रा का छिड़काव किया जाता है, जबकि बीजाणु की पांच से दस ग्राम मात्रा ही पर्याप्त होगी। यह बोआई से पहले भूमि जनित रोग पैदा करने वाले कारकों जैसे बैक्टीरिया के प्रभाव को कम करेगा। इसके अलावा पौधे के अंदर प्रारंभिक अवस्था में रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता पैदा करके उत्पादन बढ़ाएगा। इस शोध को पेटेंट करने के लिए भेजा जा चुका है। प्रो. वेद रतन ने बताया कि मिट्टी की सेहत दुरुस्त कर फसलों के पैदावार में सहायक ट्राइकोडर्मा (फफूंदी) अब छह माह के बजाय एक साल के लिए कारगर होगा। दो वर्ष के शोध के बाद यह खोज की है। नए शोध में विकसित ट्राइकोडर्मा का इस्तेमाल जल्द ही किसान खेतों को उपजाऊ बनाने के लिए कर सकेंगे। बीजों व जड़ों का सड़ना, पत्तियों में झुलसा रोग लगना, फ्यूजेरियम, राइजोकटोनिया, पीथियम व सर्कोसपोरा जैसे रोग कारकों की चपेट में पौधों का आना।

### रासायनिक उर्वरक के प्रभाव को खत्म कर सेहत सुधारता

ट्राइकोडर्मा बीजाणु खेतों में पौधों को बढ़ाने में मदद करता है। रासायनिक उर्वरक के अधिक इस्तेमाल से खराब हो चुकी मिट्टी की सेहत सुधरती है। ट्राइकोडर्मा 25 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान तक असरदार है, जबकि यह 45 डिग्री सेल्सियस पर भी असरदार रहेगा।

अन्य विशेष खबरों के लिए इस लिंक पर जाएं www.jagran.com/topics/jagran-special